उच्च शिक्षा में आज गुणवत्ता सुनिश्चित करना सबसे बड़ी आवश्यकता : बघेल

मुख्यमंत्री ने उत्कृष्ट शैक्षणिक संस्थाओं, शोधकर्ताओं, प्राध्यापकों और नवाचार करने वाले विशेषज्ञों को ऑरोपाथ ग्लोबल अवार्ड 2019 से सम्मानित किया

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज यहां सायाजी होटल में आयोजित कार्यक्रम में उत्कृष्ट शैक्षणिक संस्थायाओं, अनुसंधानकर्ताओं , नवाचार करने वालों और प्राध्यापकों को ऑरोपाथ ग्लोबल अवार्ड 2019 से सम्मानित किया । यह अवार्ड ऑरोपाथ सर्विस ट्रस्ट और अरविंदो सोसाइटी द्वारा शैक्षणिक संस्थाओं में उच्च शिक्षा में गुणवत्ता के सुधार, विद्यार्थियों की रोजगार दक्षता बढ़ाकर उन्हें भावी जीवन के लिए तैयार करने और अध्ययन-अध्यापन में नवाचार के माध्यम से उत्कृष्टता हासिल करने के प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए दिया जाता है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में 15 श्रेणियों में ग्लोबल अवार्ड वितरित किए। उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल विशेष अतिथि के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित थे ।

मुख्यमंत्री बघेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज सबसे बड़ी जरूरत उच्च शिक्षा में गुणवत्ता सुनिश्चित करने की और उच्च शिक्षा को वास्तविक जरूरतों से जोड़ने की है । शिक्षा के माध्यम से युवाओं के दृष्टिकोण को व्यापक करने की भी आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने महर्षि अरविंद योगी का स्मरण करते हुए कहा कि वे एक क्रांतिकारी थे, उनके जीवन की एक घटना ने उन्हें आध्यात्मिकता की ओर मोड़ दिया । उन्होंने लंबे समय तक आध्यात्मिक साधना की । महर्षि अरविंदो ने अध्यात्मिक से मानसिक उच्च स्तर को प्राप्त किया । मुख्यमंत्री ने कहा कि मानव सेवा हमारा लक्ष्य होना चाहिए । हमें अपनी शक्तियों को पहचान कर समाज , राज्य और देश के नवनिर्माण में योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सलाहकार राजेश तिवारी, ऑरोपाथ के समरेंद्र घोष , डॉ इन्द्राणी, श्रीमती स्मृति और सु शुभांगी और उपस्थित थे।

महत्वपूर्ण एवं खास

बाबाजी कॉम्लेक्स में लगी आग, दमकल की गाड़ी मौके पर

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी रायपुर के मौदहापारा स्थित बाबाजी कॉम्प्लेक्स में स्थित कव्हर के दूकान में अचानक आग गई। वही सूचना मिलते ही दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने की कोशिश कर रही है। मौदहापारा पुलिस भी मौके पर पहुंचकर आग लगने के कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही है। फिलहाल आग लगने का कारण शार्ट सर्किट को माना जा रहा है।

राजधानी से दो मोटरसाइकिल पार, मामला दर्ज

रायपुर(आरएनएस)। राजधानी में चोरों ने अलग-अलग थाना क्षेत्र से दो मोटर साइकिल चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट पुरानी बस्ती व मंदिर हसौद थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार अमलीडीह न्यू राजेंद्र नगर निवासी हरीश कुमार दरियानी 52 वर्ष पिता स्व. धनराजमल दरियानी ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि शुक्ला पान भंडार के पास मंदिर हसौद में 1 नवंबर को अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 एलडब्ल्यू 4248 को खड़ी किया था किसी अज्ञात चोर ने मोटरसाइकिल को चोरी कर लिया। इसी तरह किले वाले मजार के पास पुरानी बस्ती निवासी शेख पप्पू 34 वर्ष पिता शेख खुर्शीद ने पुरानी बस्ती थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है कि किले वाला बाबा के मजार के पास खड़ी टीवीएस अपाचे मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 04 डीवी 3843 को किसी ने चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

जुआ खेलते जुआरी गिरफ्तार, नगदी व ताश की 52 पत्ती जब्त

रायपुर (आरएनएस)। सेजबहार पुलिस ने छापा मारकर जुआ खेल रहे 3 युवकों को गिरफ्तार कर उनके पास से नगदी रुपये व ताश की 52 पत्ती जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम देहानपारा डूंडा में जुआ खेलने की सूचना पर पुलिस ने छापा मारकर विश्वनाथ बघेल 27 वर्ष पिता लतेल बघेल एवं अन्य दो जुआरियों को गिरफ्तार कर उनके पास से ताश की 52 पत्ती व नगदी 1 हजार 9 सौ 40 रुपये जब्त किया है। सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट की धारा 13 के तहत अपराध कायम कर कार्रवाई किया गया है।

फेसबुक के माध्यम से दोस्ती कर युवती को होटल में ले जाकर बनाया शारीरिक संबंध

» बलात्कार का मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। फेसबुक के माध्यम से प्रेम प्रसंग होने पर युवक ने शादी का प्रलोभन देकर युवती को होटल में ले जाकर शारीरिक संबंध बनाया। घटना की रिपोर्ट गंज थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार बांसटाल गोलबाजार निवासी युवती 22 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 24 अक्टूबर 2018 से 21 जून 2019 तक विनय बघेल पिता सुरेश बघेल ने फेसबुक के माध्यम से दोस्ती होने पर शादी का प्रलोभन देकर राजधानी के एक होटल ले जाकर लगातार शारीरिक संबंध बनाते रहा व बाद में शादी करने से इंकार कर दिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बलात्कार का मामला दर्ज कर धारा 376 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

ऑनलाइन मोबाईल मंगाने किया 10 हजार का पेमेंट लेकिन नहीं आया मोबाइल, धोखाधड़ी का मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। ऑनलाइन साइड से मोबाईल मंगाने के लिए हजारों रुपये का पेमेंट किया लेकिन मोबाइल फोन नहीं आया। घटना की रिपोर्ट राजेंद्र नगर थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार एवेन्यु 144 न्यू राजेंद्र नगर निवासी शिशिर रायजादा 51 वर्ष पिता महेंद्र कुमार रायजादा ने रिपोर्ट करायी है कि 25 अक्टूबर को एमआई शॉप ओआरजी कंपनी से ऑनलाइन रेडमी नोट -8 मोबाईल फोन खरीदने के लिए आर्डर किया था। जिसके एमआई शॉप ओआरजी कंपनी को अपने क्रेडिट कार्ड से 9 हजार 9 सौ 99 रुपये का भुगतान किया। उसके बाद कई दिनों तक इंतजार करने के बावजूद मोबाईल कंपनी ने मोबाईल नहीं भेजकर धोखाधड़ी किया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने ऑन लाइन कंपनी के खिलाफ धारा 420 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

सड़क किनारे मृत अवस्था में मिला युवक, अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। सबरी राइस मिल गोबरा नवापारा में गंभीर अवस्था में सड़क किनारे युवक को पड़ा देख किसी ने पुलिस को सूचना दी। घटनास्थल पर पहुंचकर पुलिस ने युवक को अस्पताल ले गये जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक के सिर पर व चेहरे पर गंभीर चोट आने के चलते उसकी मौत होना बतायी जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कुर्रा गोबरा नवापारा निवासी रोशन खरे 18 वर्ष पिता हेमलाल खरे की सड़क किनारे राइस मिल के पास गंभीर अवस्था में पड़ा देख पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया था जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शॉट पीएम में डॉक्टरों ने बताया कि युवक के सिर में गंभीर चोट आने गंभीर चोट लगने के चलते उसकी मौत हो गई है। घटना 31 अक्टूबर की दोपहर 2 से ढाई बजे के बीच की बताई जा रही है। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 302 के तहत अपराध कायम कर मामले की जांच में जुटी हुई है।

6 निरीक्षकों, 5 एसआई और 10 एएसआई का तबादला

महासमुंद (आरएनएस)। जिला पुलिस में 6 निरीक्षकों के साथ 5 एसआई और 10 एएसआई का तबादला किया गया है। पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ल ने गुरुवार को इस संबंध में आदेश जारी किया। अब निरीक्षक राकेश खुंटेश्वर कोतवाली के नए कोतवाल होंगे। वहीं कोतवाली प्रभारी दीपा केंवट यातायात व्यवस्था संभालेंगी। उन्हें यातायात प्रभारी की नई जिम्मेदारी दी गई है। सरायपाली थाना प्रभारी प्रदीप मिंज को तुमगांव थाना प्रभारी बनाया गया है। उनकी जगह पिछले कई महीनों से लाइन में समय बिताने वाली मल्लिका बेनर्जी अब सरायपाली की नई थानेदार होंगी। मल्लिका बेनर्जी के साथ ही लाइन में पदस्थ शरद ताम्रकार को कोमाखान और शिवदयाल बघेल को सिंघोड़ा प्रभारी बनाया गया है। तुमगांव थाना प्रभारी योगेश सोनी, सिंघोड़ा प्रभारी अशोक यादव और कोमाखान प्रभारी कमल मैरिषा का तबादला हो चुका है।

इसी तरह 5 एसआई और 10 एएसआई को भी नई जिम्मेदारियां सौंपी गई है। एसआई वीणा साहू को सरायपाली से पिथौरा, संतोषी अग्रवाल को महासमुंद से तुमगांव भेजा गया है। एसआई हर्ष कुमार पुरंदर को थाना महासमुंद, मनोरथ कुमार जोशी थाना पिथौरा और जितेंद्र कुमार विजयवार को थाना सरायपाली में पदस्थ किया गया है। एएसआई नागेंद्र दुबे चौकी प्रभारी सिरपुर, लक्ष्मीनारायण साहू कोमाखान से चौकी प्रभारी टुहलू, दुलार सिंह यादव भंवरपुर चौकी से चौकी प्रभारी भंवरपुर, तीर्थराज गुनेंद्रथ बागबाहरा चौकी प्रभारी बुंदेली, टिकेश्वर होता एसडीओपी कार्यालय पिथौरा से एसडीओपी कार्यालय बागबाहरा, शोभाराम बेरवंशी चौकी टुहलू पुलिस लाइन महासमुंद, राजेंद्र वर्मा थाना खल्लारी से पुलिस लाइन महासमुंद, अखेल नाग पुलिस लाइन से थाना सरायपाली और डामन लाल नागवंशी सरायपाली से थाना महासमुंद पदस्थ किया गया है।

तेज रफ्तार बस ने मोटरसाइकिल से जा रहे युवक को मारा टक्कर, मौत

» आरोपी के खिलाफ धारा 302ए के तहत मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। मोटरसाइकिल से जा रहे युवक को तेज रफ्तार बस ने टक्कर मार दिया जिसके चलते उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की रिपोर्ट विधानसभा थाना में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार दोंदेखुर्द विधानसभा निवासी दिलीप रात्रे 34 वर्ष पिता स्व. हीरादास रात्रे ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 1 नवंबर को 5.15 बजे झाबक बाड़ी के पास सेमरिया में तेज रफ्तार बस क्रमांक सीजी 04 ईए 0203 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक बस को चलाते हुए अनियंत्रित होकर मोटरसाइकिल से जा रहे युवक दिनेश मंडावी 36 पिता दूबराज मंडावी को एक्सीडेंट कर दिया। जिसके चलते घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ 279, 304ए के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

खाद बीज व्यवसाय के नाम पर 28 लाख की ठगी,मामला दर्ज

जांजगीर चांपा (आरएनएस)। चांपा थाना अन्तर्गत 28 लाख ठगी का मामला सामने आया है। पीड़िता ने इसकी शिकायत चांपा थाने मे दर्ज कराया हैं। पीडिता गुलाब मोदी का सोशल मिडिया के माध्यम से उडीसा से एक कंपनी द्वारा प्रिया यादव नाम शख्स से संपर्क हुआ। जो खाद और बीज व्यवसाय के बारे मे जानकारी दी। जानकारी के अनुसार प्रिया यादव ने पिडिता को खाज बीज व्यवसाय से ज्यादा मुनाफा होने की जानकारी देकर व्यवसाय करने को कहा. पिडिता गुलाब मोदी ने उस शख्स के बहकावे मे आकर व्यवसाय करने के लिए राजी हो गया और व्यवसाय करने से पहले एक एकाउंट नंबर में पैसे जमा करने की बात कहते 28 लाख की राशि जमा कर दिया. लेकिन कुछ दिन बाद पिड़िता को न खाद ,बीज मिला न ही दुबारा उस शख्स से बात हो पाया . जब जाकर पिडिता को ठगी का एहसास हो गया . बाद में पिडिता चांपा थाने में इसकी शिकायत कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस पिडिता के शिकायत के आधार पर आरोपी की पतासाजी कर रही है।

इनोवा की टक्कर से साइकिल सवार घायल, मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। तेज रफ्तार कार की टक्कर से साइकिल सवार बुजुर्ग घायल हो गया। घटना की रिपोर्ट आरंग थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार आशियाना भवन बैरन बाजार निवासी नाथराम सोनी 65 वर्ष पिता स्व. तेमल सोनी ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि कि 25 अक्टूबर को सहारा मेडिकल आशीर्वाद भवन के पास बैरन बाजार में तेज रफ्तार इनोवा कार क्रमांक सीजी 04 एचवी 4999 का चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए साइकिल से जाते समय प्रार्थी को टक्कर मार दिया जिसके चलते वह घायल हो गया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफा धारा 279, 337 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

ओएलएक्स पर लेपटॉप बेचने के बहाने किया खाते से 7 हजार पार, मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। ओएलएक्स साइड पर पुराना लेपटॉप बेचने के लिए विज्ञापन डालकर गुगल पे के माध्यम से क्यूआर कोड भेजकर 7 हजार रुपये खाते से ट्रांसफर कर लिया। घटना की रिपोर्ट डीडी नगर थाने में दर्ज की गई है।

मिली जानकारी के अनुसार डंगनिया और डीडीनगर रायपुर निवसी टीकम चंद सोनी 24 वर्ष पिता मुकुंद कुमार सोनी ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि एक अक्टूबर को ओएलएक्स साइट पर विज्ञापन लेपटॉप बेचने के लिए मोबाईल फोन क्रमांक 91808-1396215, 93366-18348 का धारक ने प्रार्थी से संपर्क कर 14 हजार रुपये में लेपटॉप खरीदी करने का सौंदा कर गुगल पे के माध्मय से 7 हजार रुपये का भुगतान करना चाहता है कहकर अपने वाट्सअप पर क्यू आर कोड भेजने को कहा कोड भेजते ही प्रार्थी के खाते से 7 हजार रुपये ट्रांसफर हो गया।

आरोपी से संपर्क करने के लिए दोबारा कॉल करने पर मोबाईल फोन बंद बताने लगा। घटना की रिपोर्टपर पुलिस ने धारा 420 के तहत ठगी का मामला दर्ज कर लिया है।

स्पीड राडार गन की सहायता से 11 भारी वाहनों पर कार्यवाही

कोरबा (आरएनएस)। दो दिन पहले स्पीड राडार गन की अत्याधुनिक सुविधा से लैस यातायात पुलिस ने शुक्रवार को ओवरस्पीड वाहनों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई की है। बांगो थाना अंतर्गत कटघोरा-अंबिकापुर में नेशनल हाईवे पर तैनात पुलिस ने मशीन की राडार में आए 11 भारी वाहनों को ओवरस्पीड दौड़ते पकड़ा। गौर करने वाली बात है कि रफ्तार के जुनून व मंजिल पर पहुंचने की जल्दबाजी में 30 किलोमीटर प्रति घंटे की गति सीमा को नजर अंदाज कर ट्रक-टैंकर चालक दोगुने से भी ज्यादा, यानी 60.70 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड में हवा से बातें कर रहे थे। पकड़े गए वाहन व चालकों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की गई है।

जिले की सड़कों पर अनियंत्रित रफ्तार बढ़ते सड़क हादसों की एक बड़ी वजह है। खासकर बिलासपुर-कटघोरा व कटघोरा से अंबिकापुर मार्ग नेशनल हाईवे पर सबसे ज्यादा ऐसे हादसे दर्ज किए गए हैं, जहां बेलगाम स्पीड से भागती गाड़ियों की रफ्तार प्रमुख वजह बनकर उभरी। स्पीड राडार गन मशीन की मदद से ओवरस्पीड गाड़ियों को हाईटेक तरीके से पकड़ने की सुविधा का इस्तेमाल शुरू करते हुए जिले की यातायात पुलिस ने शुक्रवार को कटघोरा-अंबिकापुर मार्ग पर अभियान चलाया। इस दौरान 11 ऐसे वाहन राडार की रेंज में आए, जिनकी गति तय पैमाने से दो से ढाई गुना अधिक थी। कई बार इन भारी वाहनों की ओवरस्पीड डेंजर प्वाइंट पर छोटे वाहनोंए जीप-कार या बाइक सवारों के लिए जानलेवा साबित हो जाती है। यही वजह है जो चमचमाती सड़क पर रफ्तार का नियंत्रण और भी लाजमी हो जाता है। यही जरूरत समझते हुए जिले की पुलिस को स्पीड राडार गन से लैस किया गया है, ताकि इन जानलेवा हादसों को रोका जा सके। कार्रवाई के दौरान कटघोरा एसडीओपी पंकज पटेल, बांगो पुलिस थाना प्रभारी एसएस पटेल व यातायात सूबेदार भुनेश्वर कश्यप अपनी टीम के साथ मौजूद रहे।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनमुख्य छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कृ0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य साथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
● संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
● पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
● संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
● संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
● संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU